जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 110
दिनांक 28.06.2023

जनेकृविवि के 3 छात्रों का किसान कॉल सेंटर में हुआ कैम्पस चयन

3 लाख के सालाना पैकेज पर तीन विद्यार्थियों का सलेक्शन

जबलपुर 28 जून, 2023 । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किसानों की समस्याओं का ऑनलाईन समाधान किये जाने हेतु, केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसान कॉल सेंटर के लिये अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में कैम्पस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। कैम्पस इंटरव्यू में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत समस्त महाविद्यालयों के लगभग 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस संबंध में प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. अनय रावत ने बताया कि किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संचालित किसान कॉल सेंटर द्वारा लिये गये साक्षात्कार में जबलपुर के प्रभारी श्री अजय बांके एवं नई दिल्ली से सुश्री आफरीन सैशी, मानव संसाधन अधिकारी_द्वारा प्रथम चरण में किसान कॉल सेंटर के उद्देश्य, प्रचार–प्रसार के संबंध में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर समूह चर्चा उपरांत 11 विद्यार्थियों का चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु किया गया। व्यक्तिगत साक्षात्कार ऑनलाईन संपन्न हुआ।

साक्षात्कार की संपूर्ण प्रकिया उपरांत तीन विद्यार्थियों अक्षत व्यास, अर्चना मरावी एवं भुवनेश्वरी देवी का 3 लाख रूपये वार्षिक के पैकेज पर चयन किया गया।

साक्षात्कार संपन्न कराने में अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के श्री दुष्यंत तोमर, श्री राजू चौहान, श्री यशवन्त सिंह राजपूत एवं श्री अनूप चौधरी का विशेष योगदान रहा।